



नवभारत
भोपाल, बुधवार 22 अक्टूबर, 2025


## एक नजर में

### वयोवृद्ध कन्हैयालाल यादव नहीं रहे

**करनवास 21 अक्टूबर, सं.** 85 वर्षीय गांव के वयोवृद्ध कन्हैयालाल यादव नहीं रहे. श्री कन्हैयालाल, जगन्नाथ, भगत जी, नानकराम के बडे भाई और रामबाबू, रमेश, हेमराज यादव के पिता थे. श्री कन्हैयालाल धार्मिक और सामाजिक कार्यों में आगे रहने वाले व्यक्तित्व थे. वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए. उनको समाज एवं सभी वर्ग के लोगो ने स्थानीय मुक्ति धाम पर श्रद्धांजलि दी. चिता को मुखाग्नि उनके पुत्रगण रामबाबू, रमेश और हेमराज यादव ने दी.

### प्राचीन बिहारी जी के दरबार में हुआ अन्नकूट



**ब्यावरा 21 अक्टूबर, का.** दीपावली के दूसरे दिन नगर के अति प्राचीन श्री बिहारीजी मंदिर धाम पर भव्य अन्नकूट का आयोजन किया गया. अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया. भगवान को 56 भोग अर्पित कर दौना प्रसादी वितरित की गई. मंदिर धाम पर यह परंपरा 100 वर्षों से अधिक समय से पुरानी है. विशेष बात यह है कि अन्नकूट का आयोजन दीपावली के दूसरे दिन ही किया जाता है. यह आयोजन पुजारी परिवार के द्वारा सतत् रुप से प्रतिवर्ष दीपावली के दूसरे दिन किया जाता आ रहा है. मंदिर समिति की भी आयोजन में विशेष भूमिका बतायी जाती है. अन्नकूट के आयोजन में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों ने मंदिर धाम पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की.

### दीपावली पर मंदिर एवं स्कूलों में बनाई रंगोली




**पडाना 21 अक्टूबर, सं.** दीपावली का त्यौहार हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है. जो पीढ़ियों से चली आ रही है. जो हमें एकता सौहार्द और सांस्कृतिक विरासत के महत्व को याद दिलाता है. जो अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है. ग्रामीण अंचलों दीपक को त्योहार दीपावली बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया. दीपावली के दिन गोधूलि बेला पश्चात बाजार, घर, आंगन,और मंदिरों पर आकर्षक रोशनी के साथ-साथ दीप लगाए गए. तत्पश्चात विषय विशिष्ट मुहूर्त पर घर, दुकान और व्यापारियों ने श्री गणेश एवं मां लक्ष्मी सरस्वती का आह्वान कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई. इस दौरान लोगों ने जमकर आतिशबाजी की,जो दीपावली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. वही व्यापारियों ने नवीन बही खातों का शुभारंभ किया, जो उनके व्यवसाय के लिए एक अच्छा संकेत है. इस मौके पर पूर्वा चंद्रवंशी, सोनू सोमानी, अरुण बैरागी, खुशी सोमानी, किट्टू चंद्रवंशी, फलक सोमानी, दीक्षा बैरागी इत्यादि बालिकाओं द्वारा सार्वजनिक श्रीराम मंदिर परिसर में पारंपरिक मांडने और आधुनिक रंगोली बनाई. रितिका तन्नु अर्चिता पायल राधा भारती बृजबाला स्वाती इत्यादि उपस्थित रहे.

# पत्नी से बहस बढ़ने पर हंसिए से हमला

## पति ने धारदार हथियार से किया हमला, हंसिए से हमले में दोनों हाथ पर गंभीर चोट

**काम पर जाते समय बीवी से कहासुनी बढ़ी तो गुस्से में हंसिए से हमला बोल दिया, पुलिस ने मामला दर्ज किया**




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 अक्टूबर. बातचीत के दौरान कहासुनी ने बहस का रूप लिया और एक व्यक्ति ने काम पर जा रही अपनी पत्नि पर हसिए से हमला बोल दिया. मामला नगर में मंगलवार को सामने आया. पति द्वारा किए गए इस हमले में महिला के दोनों हाथों में गंभीर चोटें आई है. वहीं घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को बचाया और आरोपी पति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त घटना ज्योति कान्वेंट स्कूल के समीप की है. सिटी थाने के एएसआई राकेश शर्मा के अनुसार कोली मोहल्ला निवासी सविता बाई पति गोपाल शाक्यवार उम्र 40 वर्ष घरेलू कार्य करने का काम करती है. मंगलवार सुबह करीब 9 बजे जब वह महिला काम करने जा रही थी तभी महिला का पति गोपाल शाक्यवार वहां आ गया. इनके बीच बहसबाजी होने लगी. विवाद बढ़ने पर पति ने एकाएक धारदार हथियार हसिए से पत्नी पर हमला कर दिया. महिला के दोनों हाथ पर हमला करने से हाथो में गंभीर चोट आई. घरेलू हिंसा के इस प्रकार के मामले लगातार सामने आ रहे है.

### गंभीर अवस्था में रेफर किया

सिविल अस्पताल के डाक्टरों के अनुसार महिला के दोनों हाथ में गहरे घाव है. अत्यधिक रक्तस्राव हुआ है. प्राथमिक उपचार के बाद महिला को राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी घरेलू विवाद से जुड़ा होना बताया जाता है. आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.

### आसपास मौजूद लोगों ने बचाया

महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग दौड़ पड़े. बमुश्किल महिला को बचाया तथा हमला करने वाले को पकड़ा लिया. जानकारी लगते ही 112 डॉयल के साथ एएसआई राकेश शर्मा एवं पायलट गोपाल यादव मौके पर पहुंचे तथा महिला को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया. जहां चिकित्सक द्वारा उपचार किया गया. वहीं हमला करने वाले को पुलिस के हवाले कर दिया गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अगर मौके पर लोग बचाते नहीं तो और गंभीर चोटें भी आ सकती थी. लोगों की सूझ बूझ से बड़ी क्षति होने से बच गई.

### शुभकामनाओं के साथ मनाई दीपावली

**पचोर 21 अक्टूबर, सं.** भारतीय संस्कृति का पावन पवित्र त्यौहार दीपावली पर धन संपदा वैभव की अधिष्ठात्री देवी महालक्ष्मी की व्यापारियों एवं नागरिकों ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं अपने घरों पर महालक्ष्मी कृपा प्राप्त करने के लिए शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर भगवती महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए स्थाई वास के लिए प्रदोष काल एवं स्थिर लग्न में पूजा अर्चना की. दीपावली के अवसर पर बाजार में काफी भीड़ रही. नागरिकों ने दीपावली पर जमकर खरीदारी की सोना चांदी के भाव आसमान पर होने के कारण सोने की रकम दुकानों पर पहले की तरह खरीदारी नहीं हो पाई इसी तरह बाजार में दो पहिया वाहनों की जमकर खरीदारी देखी गई. राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने नगर में व्यापारी वर्ग एवं आम नागरिकों के बीच पहुंचकर दीपावली के पावन पर्व की दूसरों की कृपा सभी पर बनी रहे ऐसी कामना की नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने नागरिकों से दीपावली के दिन एवं पूर्व संध्या पर व्यापारियों एवं छोटे बड़े दुकानदारों के प्रतिष्ठानों पर दुकानों पर पहुंचकर उनके हाल-चाल जाने एवं दीपावली के त्योहार शुभकामनाएं प्रदान की.

# 3 दुकानों पर चोरों का धावा 2 जगह से सामान चुराया

## दीपावली पर भीड़भाड़ का फायदा उठाकर की वारदात



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 अक्टूबर.** पुराना ए.बी.रोड पर दीपावली की शाम को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा तीन दुकानों से चोरी करने की घटना प्रकाश में आई है. जानकारी के अनुसार पुराना ए.बी.रोड पर गुड चौराहा के समीप अकबर बिल्डिंग में सोमवार शाम एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा तीन दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया. दीपावली त्यौहार पर भीड़भाड़ का फायदा उठाकर उक्त व्यक्ति द्वारा घटना को अंजाम देते हुए यहां से नगदी, सामान लेकर फरार हो गया. जानकारी के अनुसार बिल्डिंग में स्थित कमरुद्दीन खान की सिलाई मशीन की दुकान और होजेफा सैफी की मोबाइल शॉप में चोरी हुई. दोनों दुकानों से लगभग 12 हजार रुपये नगदी और मशीन का कुछ सामान चोरी हुआ. जबकि एक अन्य दुकान का ताला भी तोड़ा गया. परन्तु वहां से कोई सामान चोरी नहीं हो सका. दुकानदारों के अनुसार ग्राहकों की भीड़ के चलते चोरी की भनक नहीं लगी. देर शाम को जब दुकानों की जांच और सीसीटीवी फुटेज देखने पर घटना सामने आई. जिसमें एक युवक तीनों दुकानों में चोरी करता हुआ नजर आया. मंगलवार को दुकानदार सिटी पुलिस थाने पहुंचे और चोरी की घटना की जानकारी दी. पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संबंधित की तलाश शुरू कर दी है.

# शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों का सम्मान किया

## राजगढ़ पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम आयोजित



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 21 अक्टूबर.** पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता से ओत-प्रोत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे, रक्षित निरीक्षक सुश्री उर्मिला चौहान, जनप्रतिनिधिगण, शहीद पुलिसकर्मियों के परिजन तथा बड़ी संख्या में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा देशभर के शहीदों की नामावली वाचन से किया गया. इसके पश्चात परेड कमांडर सूबेदार दीपक रघुवंशी एवं टू आई/सी सूबेदार प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में शहीद दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से जवानों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई. मुख्य अतिथियों सहित सभी उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र एवं समाज की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस जवानों को नमन किया. इस अवसर पर शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई.

### दीपोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया

**नरसिंहगढ़ 21 अक्टूबर, सं.** रोशनी और खुशियों का पर्व दीपावली नगर में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया. शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और गोमाता की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की. मुख्य बाजारों में लोगों की भारी भीड़ रही. दुकानों, घरों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया. बच्चों और युवाओं ने देर रात तक आतिशबाजी कर दीपोत्सव की रौनक बढ़ाई. लोगो ने एक-दूसरे से मिलकर मिठाइयाँ बाँटी.

# अनूठी परंपरा : यहां गुर्जर समाज द्वारा दीपावली पर पितरों का तर्पण किया जाता है

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 21 अक्टूबर.** नगर के नजदीक ग्राम कहारखेड़ा में गुर्जर समाज दीपावली के दिन अपने पितरों को तर्पण कर इस अनोखी परंपरा को करते आ रहा है. गौरतलब है कि गुर्जर समाज में एक ऐसा वर्ग भी है जो पूर्वजों का श्राद्ध एवं तर्पण कर दीपावली पर अनुठी परम्परा का निर्वहन करता है. गुर्जर समाज द्वारा गांव कहारखेड़ा में इस अनूठी परंपरा को समाज के लोग आज भी श्रद्धा के साथ निभा रहे हैं, इस दौरान गुर्जर समाज दीपावली पर सामूहिक रूप से झील, नदी, तालाब, कुएं के पास एकत्रित होकर अपने पूर्वजों का श्राद्ध एवं तर्पण कर अपमार्ग की बेल भी लगाते हैं,जिसके पीछे मान्यता है कि इस बेल को छूने से उनके परिवार की वंशावली बेल भी भगवान देव नारायण और पूर्वजों के आशीर्वाद से बढ़ती रहेगी. समाज के पटेल सुजान सिंह, कालू सिंह, डॉ. विजयसिंह, डॉ.बी.एल. गुर्जर ने बताया कि सैकड़ो वर्षों से गुर्जर समाज अपने पूर्वजों का श्राद्ध तर्पण कर दीपावली मानता आ रहा है, इससे समाज में एकता वंश वृद्धि एवं अपने पूर्वजों सहित भगवान देवनारायण की कृपा बनी रहती है.



# गौमाता की सेवा से मिलता है दिव्य आनंद

## गौशाला में गौ-पूजन एवं गोवर्धन पर्व का आयोजन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़ 21 अक्टूबर. गोवर्धन पूजा के अवसर पर मंगलवार को ब्यावरा स्थित वैष्णोदेवी गो चिकित्सा केंद्र की गौशाला में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गौ-पूजन एवं गोवर्धन पर्व का आयोजन किया गया.**



राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा गौमाता की पूजन-अर्चन की. उन्होंने कहा कि गौमाता हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सशक्त आधारशिला है. गौ-सेवा ही ईश्वर-सेवा है. उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा और पूजा से मन को अद्भुत शांति और दिव्य आनंद की अनुभूति होती है. प्रधानमंत्री श्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर गौग्राम के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह पावन पहल है. गौ-आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर ठोस कदम उठा रही है. मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में धर्म, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य सरकार समर्पित भाव से कार्य कर रही है. पारंपरिक त्यौहारों को शासकीय स्तर पर हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है, जिससे सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ रहा है. श्री पंवार ने गौशाला में निष्ठा एवं समर्पण भाव से सेवा कर रहे गौसेवकों का सम्मान कर उनका आभार व्यक्त किया.



### श्री मानस गीता गौशाला में धूमधाम से हुआ गोवर्धन पूजा महोत्सव


**नरसिंहगढ़ 21 अक्टूबर, सं.** दीपोत्सव के पावन अवसर पर श्री मानस गीता गोशाला परिसर में परंपरागत रीति से गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया. इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधिविधान से गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा-अर्चना की और गोमाता की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की. कार्यक्रम में विधायक मोहन शर्मा, महंत दीपेंद्र दास, भरत झंवर, रमेश मालवीय, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, जितेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य और आमजन उपस्थित रहे. पूजन उपरांत भजन-संकीर्तन के साथ प्रसादी वितरण किया गया. इस अवसर पर गोशाला परिसर दीपमालाओं से जगमगा उठा और श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दीं.

**अव्यवस्था** ▶ **शहर के मध्य से भारी लोडिंग वाहनों से दुर्घटना का खतरा, क्षमता से कहीं अधिक लोड रहता माल**

# व्यस्त और संकरे रास्तों में एंट्री कर रहे भारी लोडिंग वाहन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 अक्टूबर.** नगर के मध्य अति व्यस्त यातायात के समय भारी भरकम लोडिंग वाहनों की आवाजाही से जहां जाम के हालात निर्मित हो जाते है वहीं इससे दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है. वाहनों में इतना अधिक माल लोड करके ले जाया जाता है कि आधी से ज्यादा सड़क घिर जाती है. अन्य वाहनों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.



गौरतलब है कि चारा एवं अन्य सामान से भारी भरकम लोडिंग ट्रक व अन्य वाहनों को रोड पर बैधड़क दौड़ते हुए देखा जा सकता है. प्राय: राजगढ़ रोड, बस स्टेण्ड के सामने, सुठालिया बायपास, पुराना ए.बी.रोड आदि ऐसे स्थानों से जहां यातायात का दबाव काफी अधिक रहता है उन जगह से भारी लोडिंग वाहनों की आवाजाही बनी रहती है.

**मार्ग घेर लेते है लोडिंग वाहन** - चारा व अन्य सामान से काफी अत्यधिक लोड लेकर वाहन जब रोड पर से गुजरते है तो मार्ग का काफी बड़ा भाग वह घेरते हुए चलते है. दुर्घटना का डर बना रहता है. आसपास आने-जाने वाले वाहन चालको को एकाएक आगे-पीछे से आने-जाने वाले वाहन नजर नहीं आने से पूर्व में दुर्घटनाएं तक हो चुकी है. रात के समय खतरा और अधिक बढ़ जाता है. ऐसा ही एक भारी भरकम लोडिंग वाहन 17 अक्टूबर की रात्रि 9.46 बजे सुठालिया बायपास की ओर से बस स्टेण्ड के सामने से जाते हुए नजर आया.

### बार-बार जाम से घिरा त्यौहारी बाजार

**जीरापुर 21 अक्टूबर, सं.** दीपावली पर मुख्य बाजार में वाहनों की आवाजारी परेशानी का कारण बनीं रही. प्रशासन भारी वाहनों के प्रवेश को रोकने की व्यवस्था नहीं कर पाया. वैसे तो नगर के खिलचीपुर नाका से लेकर माचलपुर नाका इंदर चौराहा पर जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है, अव्यवस्थित यातायात भी इसमें मुख्य कारण बनकर सामने आता है. दीपावली त्योहार को लेकर जहां आम नागरिकों सहित हर वर्ग में खुशियों की लहर रहती है वही अपने-अपने प्रतिष्ठानों सहित घर-घर में साफ सफाई और घरों को सजाने का क्रम जारी रहा. दीपावली पर खरीदी एवं बिक्री को लेकर पूरे नगर के मुख्य मुख्य मार्गो चौराहा बाजारों में ग्राहकी को लेकर भारी भीड़ एवं जाम की स्थिति बनी रही. नगर के राजेंद्र कुशवाह ने एक दिन पूर्व भी लिखकर प्रशासन को सजग किया था कि दीपावली के दिन ग्राहकी के कारण जब 2 दिन पूर्व भी जाम बार-बार लग रहा है तो ऐसे में बैरिकेट्स की जगह उचित व्यवस्था को अंजाम दिया जाए लेकिन वाहनों की रेलम पेल के सामने स्थिति जाम की बनती रही जिसमें आम राहगीर सहित ग्राहक परेशान होते रहे.

# दीपावली पर रोशन हुए घर आंगन



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 अक्टूबर.** दीपोत्सव का पर्व दीपावली नगर सहित जिले भर में श्रद्धा, उत्साह के साथ मनाया गया. देवी लक्ष्मीजी की शुभ मुहूर्त में पूजन की गई. घर-आंगन दीपों की रोशनी से जगमगा उठे. वहीं आतिशबाजी से आसमान गूंज उठा. दीपावली का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया.

धनतेरस से ही दीपों की रोशनी, विद्युत साज-सज्जा से घर, आंगन जगमगाहट उठे. दीपावली पर शुभ मुहूर्त में लक्ष्मीजी की पूजन की गई. जोरदार आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला. शाम से ही देर रात्रि तक आसमान में आतिशबाजी की गूंज सुनाई दे रही थी. दूसरे दिन बाजार में रहा सन्नाटाधनतेरस से दीपावली तक बाजार में काफी भीड़ रही. मैन मार्केट सहित पुराना ए.बी.रोड, सुठालिया रोड, राजगढ़ रोड सहित बाजार में भारी भीड़ रही. वहीं दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को बाजार में सन्नाटा पसरा रहा. काफी कम चहल-कदमी नजर आयी.